*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में 'बालरंग' कार्यशाला का समापन

**वर्धा, 23 जून 2017:** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का जनसंपर्क कार्यालय, प्रदर्शनकारी कला विभाग, युवक बिरादरी एवं नीलकंठ अकादमी ऑफ सोशल एक्टिविटी, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय में 10 जून से जारी **'बालरंग'** नाट्य, नृत्य एवं चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन बुधवार को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। विश्वविद्यालय के गालिब सभागार में आयोजित समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शेर और खरगोश नाटक की प्रस्तुति हुई जो पंचतंत्र की कहानी पर आधारित है। देश के प्रख्यात साहित्यकार और कहानीकार डॉ. श्रीप्रसाद, बनारस द्वारा लिखित नाटक में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, उषा शर्मा एवं भारत भवन भोपाल के कलाकारों ने आवाज दिया है। इस नाटक का निर्देशन सुरभि विप्लव ने किया तथा नृत्य निर्देशन मेघा देशमुख का, सहनिर्देशन

विष्णु कुमार एवं शिव कुमार का था। इस दौरान जंगल बुक, बम बम बोले और लुंगी डांस पर




समूह नृत्य प्रस्तुत हुए। बच्चों ने दो सप्ताह की कार्यशाला में बनाए गये चित्रों की प्रदर्शनी




लगायी गयी जिसका उदघाटन कुलपति प्रो. मिश्र ने किया। इस कार्यशाला में 70 से अधिक बच्चों ने सहभागिता की थी। कार्यशाला में प्रदर्शनकारी कला विभाग की सहायक प्रोफेसर सुरभि

विप्लव, मेघा देशमुख तथा मेघा आचार्य ने बच्चों को नाटक, नृत्य और चित्रकला का प्रशिक्षण




दिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. मिश्र ने बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। समापन कार्यक्रम में डॉ. एम. एल. कासारे, डॉ. चित्रा माली आदि अभिभावकों ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की।



कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया तथा आभार सुरभि विप्लव ने माना। कार्यशाला में तकनीकी सहयोग आकाश कांबले, फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी राजदीप राठौर की थी। समापन समारोह में साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. के. के. सिंह,

प्रदर्शनकारी कला विभाग के प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सतीश पावड़े, युवक बिरादरी के प्रभाकर घाटे,




शैलेश मरजी कदम, डॉ. अमित राय, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. आनंद मंडित मलयज सहित अध्यापक, अभिभावक, शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।